# झारखंड

# सामान्य ज्ञान

PDF

The Series......

हिन्दवंशी

Useful for....

# JPSC & JSSC

# राज्य विशेष

झारखंड

# GK QUIZ SET 3

1. झारखंड की राजधानी राँची में स्थित जगन्नाथ मन्दिर का निर्माण किस शासक ने करवाया था?

a. राजा दुर्जन साल

b. राजा रघुनाथ साह

c. ठाकुर ऐनीनाथ शाहदेव

d. ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव

## ठाकुर ऐनीनाथ शाहदेव

जगन्नाथ मन्दिर झारखण्ड की राजधानी राँची से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

इस मन्दिर की स्थापना सन 1691 ई. में ठाकुर ऐनीनाथ शाहदेव के द्वारा करवाई गई थी।

इस मन्दिर की वास्तुशिल्पीय बनावट पुरी के जगन्नाथ मंदिर से मिलती-जुलती है।

2. झारखंड सरकार के द्वारा प्रायोजित तरडीहा परियोजना का निर्माण किस नदी पर प्रस्तावित है?

a. बूढ़ा नदी

b. सुंदर नदी

c. कन्हर नदी

d. औरंगा नदी

## सुंदर नदी

गोड्डा जिले के पथरगामा प्रखंड के तरडीहा गांव के पास सुंदर नदी पर तरडीहा बराज का निर्माण किया जाएगा।

झारखंड सरकार के द्वारा प्रायोजित इस परियोजना को 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस परियोजना की जल संग्रहण क्षमता 155 वर्ग किमी तथा सिंचाई क्षमता 567 हेक्टेयर होगी।

3. मुंडारी भाषा की पुस्तक 'मुंडारिका एनसाइक्लोपीडिया' के लेखक कौन हैं?

a. जॉन हॉफमैन

b. जे एच व्हिटली

c. कोनार्ड बुकाउट

d. पीटर शांति नवरंगी

## जॉन हॉफमैन

मुंडारी भाषा की पुस्तक 'मुंडारिका एनसाइक्लोपीडिया' के लेखक फादर जॉन हॉफमैन हैं।

फादर हॉफमैन ने मुंडारिका इनसाइक्लोपीडिया में मुंडा जनजाति के द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली करीब चार हजार पारंपरिक दवाओं का उल्लेख किया है।

4. नीचे दिये गए उद्योगों और उनके स्थित होने का कौन सा मिलान सही नहीं है?

a. इंडियन एल्यूमिनियम- मुरी

b. हिंडालको बॉक्साइट- लोहरदगा

c. सेण्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड- झरिया

d. इंडियन एक्सप्लोसिव लिमिटेड- गोमिया

सेण्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड- झरिया

सही मिलान:

इंडियन एल्यूमिनियम (मुरी)

हिंडालको बॉक्साइट (लोहरदगा)

सेण्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (राँची)

इंडियन एक्सप्लोसिव लिमिटेड (गोमिया)

5. पतौड़ा झील और ब्रह्म जमालपुर झील निम्नलिखित में से किस अभ्यारण्य का हिस्सा हैं?

a. उधवा पक्षी विहार

b. बेतला राष्ट्रीय उद्यान

c. दलमा वन्यजीव अभ्यारण्य

d. तोपचांची वन्यजीव अभ्यारण्य

## उधवा पक्षी विहार

प्रवासी पक्षियों के लिए मशहूर उधवा पक्षी विहार झारखंड के साहिबगंज जिले में स्थित है।

साहिबगंज जिला मुख्यालय से 42 किलोमीटर दूर उधवा प्रखंड की पहाड़ी के आसपास फैली दो झीलों पतौड़ा झील और ब्रह्म जमालपुर झील को मिलाकर 1991 में उधवा पक्षी विहार बना।

उधवा पक्षी विहार का कुल क्षेत्रफल 565 हेक्टेयर है जिसमे पतौड़ा झील का 155 हेक्टेयर और ब्रह्म जमालपुर झील (बड़का झील) का 410 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है।

6. कारो नदी निम्नलिखित में से किसकी सहायक नदी है?

a. अजय

b. मयूराक्षी

c. सुवर्णरेखा

d. दक्षिणी कोयल

## दक्षिणी कोयल

दक्षिणी कोयल नदी का उद्गम राँची जिले के नगड़ी गाँव से हुआ है।

रांची जिले से निकल कर यह लोहरदग्गा तथा गुमला जिले से बहती हुई पश्चिमी सिंहभूम में प्रवेश कर जाती है।

दक्षिणी कोयल की सबसे बड़ी सहायक नदी कारो है।

7. 'इंडिया स्टेट ऑफ फोरेस्ट रिपोर्ट 2019' के अनुसार झारखंड में कुल वन क्षेत्र झारखंड के कुल भूभाग का कितना प्रतिशत है?

a. 27.46%

b. 29.62%

c. 31.75%

d. 33.82%

29.62%

फोरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया देहरादून के द्वारा जारी 'इंडिया स्टेट ऑफ फोरेस्ट रिपोर्ट 2019' के अनुसार झारखंड में कुल वन क्षेत्र 23611.41 वर्ग किमी है जो झारखंड के कुल क्षेत्रफल का 29.62 प्रतिशत है।

रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में 2017-19 के दौरान दो साल में सबसे अधिक जंगल चतरा जिला में बढ़ा है।

8. संथाल जनजातीय समुदाय में गाँव पंचायत का प्रधान कौन होता है?

a. मांझी

b. गोरैत

c. परगनैत

d. परामानिक

## मांझी

संथाल जनजाति में राजनैतिक संगठन गाँव पंचायत से प्रारंभ होता है, जिसका प्रधान मांझी कहलाता है।

मांझी का कार्य विवाह संबंध स्थापित करने के लिए अनुमति देना तथा ग्राम पंचायत के द्वारा गाँव के निवासियों के झगड़े का निपटारा करना है।

मांझी की अनुपस्थिति में ग्राम परिषद की अध्यक्षता परामानिक करता है।

9. निम्नलिखित में से झारखंड का कौन सा जिला छत्तीसगढ़ के साथ सीमा नहीं बनाता है?

a. गढ़वा

b. लातेहार

c. गुमला

d. लोहरदग्गा

लोहरदग्गा

झारखंड के चार जिले गढ़वा, लातेहार, गुमला एवं सिमडेगा छत्तीसगढ़ की सीमा के साथ जुड़े हुए हैं।

10. बरसो पानी गुफा झारखंड के किस जिले में स्थित है?

a. गुमला

b. पाकुड़

c. सिमडेगा

d. हजारीबाग

## हजारीबाग

बरसो पानी गुफा हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के झिकझोर जंगल में स्थित है।

मान्यता के अनुसार इस गुफा में ताली बजाने पर गुफा के चट्टान की ऊपरी परत से झमाझम बारिश होने लगती है।

यहाँ भारी संख्या में देश विदेश से सैलानी पर्यटन स्थल देखने एवं पिकनिक मनाने आते हैं।

11. झारखंड की असुर जनजाति के मुख्य देवता सिगबोंगा किसके प्रतीक हैं?

a. सूर्य

b. पृथ्वी

c. नदी

d. जंगल

## सूर्य

असुर जनजाति के लोग मुख्यतः लोहरदगा और गुमला के पाट क्षेत्रों में निवास करते हैं।

कृषि उनकी आजीविका का मुख्य साधन है।

सिगबोंगा (सूर्य) इनके सर्वप्रमुख देवता हैं।

12. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान संथाल परगना में देशोद्धारक दल का गठन किसने किया था?

a. लाल हेम्ब्रम

b. तिलका माँझी

c. रानी सर्वेश्वरी

d. भागीरथ माँझी

## लाल हेम्ब्रम

संथाल क्षेत्र में सन 1870 में हुए सफाहोड़ आंदोलन के जनक लाल हेम्ब्रम उर्फ (लाल बाबा) थे।

यह विद्रोह मुख्यतः सामाजिक धार्मिक उत्थान से जुड़ा हुआ था क्योंकि उनका मानना था कि संथाल विद्रोह की विफलता का कारण संथाल लोगों में धार्मिक भावना की कमी थी।

लाल बाबा ने आजाद हिंद फौज की तर्ज पर संथाल परगना में देशोद्धारक दल का गठन किया था।

13. नीचे दिए गए नदियों और उनपर स्थित जलप्रपातों का कौन सा मिलान सही नहीं है?

a. पंचघाघ जलप्रपात- बनाई नदी

b. गुरसिन्धु जलप्रपात- कन्हर नदी

c. सुखलदरी जलप्रपात- अमानत नदी

d. बिचकिलिया जलप्रपात- लिलाजन नदी

सुखलदरी जलप्रपात- अमानत नदी

सही मिलान:

पंचघाघ जलप्रपात- बनाई नदी, खूंटी

गुरसिन्धु जलप्रपात- कन्हर नदी, गढ़वा

सुखलदरी जलप्रपात- कन्हर नदी, गढ़वा

बिचकिलिया जलप्रपात- लिलाजन नदी, चतरा

14. जयपाल सिंह मुंडा के द्वारा संपादित आदिवासी सकम पत्रिका में रचनाएँ किस भाषा में प्रकाशित की जाती थीं?

a. हिन्दी

b. अंग्रेजी

c. मुंडारी

d. उपयुक्त सभी

उपयुक्त सभी

'आदिवासी सकम' पत्रिका का प्रकाशन जुलाई 1940 में जमशेदपुर से शुरू हुआ था जिसके संपादक जयपाल सिंह मुंडा थे।

इसमें रचनाएँ हिंदी, अंग्रेजी तथा मुंडारी भाषाओं में प्रकाशित की जाती थीं।

15. निम्नलिखित में से झारखंड के किस प्रमंडल में सर्वाधिक जिले हैं?

a. पलामू प्रमंडल

b. संथाल परगना प्रमंडल

c. उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल

d. दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल

## उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल

झारखंड में कुल 5 प्रमंडल पलामू प्रमंडल, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, संथाल परगना प्रमंडल एवं कोल्हान प्रमंडल हैं।

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में सबसे ज्यादा 7 जिले हैं जबकि पलामू तथा कोल्हान प्रमंडल में सबसे कम 3-3 जिले हैं।

16. निम्नलिखित में से किस नदी को झारखंड में देवनद के नाम से जाना जाता है?

a. औरंगा

b. बराकर

c. दामोदर

d. सुवर्णरेखा

## दामोदर

दामोदर नदी लातेहार जिले से निकलकर हजारीबाग, बोकारो तथा धनबाद होते हुए पश्चिम बंगाल में प्रवेश करती है जहाँ यह हुगली नदी में जाकर मिल जाती है।

झारखंड में इसे देवनद के नाम से भी जाना जाता है।

दामोदर की सहायक नदियों में कोनार, बोकारो और बराकर प्रमुख हैं।

17. भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?

a. राँची

b. बोकारो

c. धनबाद

d. जमशेदपुर

## धनबाद

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (BCCL) कोल इण्डिया लिमिटेड की सहायक इकाई है।

इसकी स्थापना कोकिंग कोल की खानों को चलाने के लिए की गई थी।

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का मुख्यालय धनबाद में स्थित है।

18. झारखंड की तीरंदाज पूर्णिमा महतो ने राष्ट्रमंडल खेलों में पहला पदक किस वर्ष जीता था?

a. 1998

b. 2002

c. 2006

d. 2010

1998

जमशेदपुर, झारखंड की रहने वाली तीरंदाज पूर्णिमा महतो वर्तमान में तीरंदाजी कोच हैं।

उन्होंने 1998 के राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।

झारखंड की पूर्णिमा महतो 2018 में भारतीय तीरंदाजी संघ की उपाध्यक्ष चुनी गई थीं।

हिन्दवंशी

19. झारखंड का एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय 'झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय' कहाँ स्थित है?

a. ब्राम्बे

b. तोपचांची

c. ओरमांझी

d. आदित्यपुर

## ब्राम्बे

झारखंड का एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय 'झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय' रांची के ब्राम्बे में स्थित है।

झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना 1 मार्च, 2009 को केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के अधीन किया गया था।

हिन्दवंशी

20. केंद्र सरकार के द्वारा प्रस्तावित स्वर्णरेखा नदी घाटी परियोजना निम्न में से किन राज्यों की संयुक्त परियोजना है?

a. झारखंड और ओड़िसा

b. झारखंड और पश्चिम बंगाल

c. झारखंड, ओड़िसा और छत्तीसगढ़

d. झारखंड, ओड़िसा और पश्चिम बंगाल

## झारखंड, ओड़िसा और पश्चिम बंगाल

स्वर्णरेखा नदी घाटी परियोजना केंद्र सरकार के द्वारा प्रस्तावित बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है जिसकी नींव सन 1978 में रखी गई थी।

यह झारखण्ड, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल की संयुक्त परियोजना है जिसकी विधुत उत्पादन क्षमता 120 मेगा वाट है।

यह एक बहुद्देशीय परियोजना है जिसमें चांडिल डैम, गालूडीह डैम, ईचाडैम और खरकई डैम से नहर के माध्यम से जलापूर्ति की जानी है।

21. बोकारो स्टील प्लांट की स्थापना किस देश के सहयोग से की गई थी?

a. रूस

b. फ्रांस

c. ब्रिटेन

d. अमेरिका

रूस

बोकारो स्टील प्लांट झारखंड राज्य के बोकारो शहर में दामोदर नदी के तट पर स्थित भारत का सबसे बड़ा स्टील प्लांट हैं।

इस प्लांट की स्थापना सोवियत संघ रूस के सहयोग से 1965 ई. में की गई थी।

22. झारखंड में चेरो राजवंश की स्थापना किस राजा ने की थी?

a. भूपल राय

b. मेदिनी राय

c. भगवंत राय

d. चूड़ामन राय

## भगवंत राय

1585 में चेरो राजा भगवंत राय ने मानगढ़ के राजा रक्सेल मानसिंह की हत्या कर चेरो राजवंश को स्थापित किया था।

चेरो राजवंश के द्वारा 228 साल शासन करने के बाद सन 1813 में अंग्रेजी हुकूमत ने चेरो राजा चूड़ामन राय से शासन छीन लिया।

23. निम्नलिखित में से झारखंड का कौन सा जिला राँची से सबसे ज्यादा दूर अवस्थित है?

a. गढ़वा

b. सिमडेगा

c. साहेबगंज

d. पूर्वी सिंहभूम

## साहेबगंज

झारखंड के उत्तर पूर्वी भाग में स्थित साहेबगंज जिला राँची जिले से सबसे ज्यादा दूर अवस्थित है।

24. 2011 की जनगणना के अनुसार झारखंड की जनजातीय आबादी झारखंड की कुल आबादी का कितना प्रतिशत है?

a. 23.6%

b. 26.2%

c. 28.4%

d. 31.6%

26.2%

2011 की जनगणना के अनुसार झारखंड की जनजातीय आबादी 86,45,042 है जो झारखंड की कुल आबादी 3,29,88,134 का 26.2 % है।

जनगणना 2001 के अनुसार जनजातीय आबादी 70,87,068 थी जो कुल आबादी 2,69,45,829 का 26.3% थी।

25. काली मिट्टी झारखंड के किस क्षेत्र में पायी जाती है?

a. पलामू

b. सिंहभूम

c. राजमहल

d. उपयुक्त सभी

राजमहल

काली मिट्टी झारखंड के राजमहल क्षेत्र में पायी जाती है।

राजमहल पहाड़ियाँ जुरासिक युग मे होने वाली ज्वालामुखी उद्गार से बनी हैं जिनमें बैसाल्ट चट्टानों की अधिकता है।

26. झारखंड के किस स्वतंत्रता सेनानी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने छोटानागपुर केसरी की उपाधि से विभूषित किया था?

a. रामनारायण सिंह

b. जयपाल सिंह मुंडा

c. विनोद बिहारी महतो

d. ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव

# रामनारायण सिंह

स्वतंत्रता सेनानी बाबू रामनारायण सिंह हजारीबाग के प्रथम सांसद थे।

इनके महान कार्यों और देश के लिए दिए गए योगदान के कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें छोटानागपुर केसरी की उपाधि से विभूषित किया था।

बाबू रामनारायण सिंह आजादी के बाद गठित संविधान निर्माण समिति के सदस्य मनोनीत किए गए थे।

27. झारखंड का सबसे ऊँचा जलप्रपात लोध जलप्रपात की ऊँचाई कितनी है?

a. 111 मीटर

b. 128 मीटर

c. 143 मीटर

d. 165 मीटर

143 मीटर

झारखंड का सबसे ऊँचा जलप्रपात लोध जलप्रपात झारखण्ड के लातेहार जिले में स्थित है।

बूढ़ा नदी पर स्थित लोध जलप्रपात 143 मीटर (468 फीट) की ऊँचाई से गिरता है।

28. संथाल जनजाति के द्वारा मनाए जाने वाले किस त्यौहार में खरीफ फसल की बीज भली भांति उगने के लिए प्रार्थना की जाती है?

a. बाहा पर्व

b. एरोक पर्व

c. जापाड़ पर्व

d. हरियाड़ पर्व

# एरोक पर्व

संथाल जनजाति के द्वारा आषाढ़ महीने में एरोक पर्व मनाया जाता है।

इस पर्व में खरीफ फसल की बीज भली भांति उगने के लिए प्रार्थना की जाती है तथा प्रकृति को पुनर्जीवित करने की कामना की जाती है।

इस अवसर पर गाँव के जाहेरथान में देवी देवताओं के नाम से मुर्गी की बलि दी जाती है तथा लोगों के बीच खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया जाता है।

29. सोकरा ग्रेफाइट माइंस झारखंड के किस जिले में स्थित है?

a. गोड्डा

b. पलामू

c. हजारीबाग

d. पूर्वी सिंहभूम

## पलामू

ग्रेफाइट की खान 'सोकरा ग्रेफाइट माइंस' पलामू के चैनपुर प्रखंड में स्थित है।

इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण ग्रेफाइट पाये जाने के कारण एशिया भर में इसका महत्व है।

सोकरा ग्रेफाइट माइंस के ग्रेफाइट में कार्बन की मात्रा लगभग 80 से 85 प्रतिशत है।

30. वारंग क्षिति लिपि का प्रयोग किस भाषा को लिखने के लिए किया जाता है?

a. हो

b. खोरठा

c. कुड़ुख

d. खड़िया

## हो

ओत् गुरु कोल लाको बोदरा हो भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार थे।

उन्होंने 1940 के दशक में 'हो' भाषा के लिए 'वारंग क्षिति' नामक लिपि का खोज किया और उसके प्रचार-प्रसार के लिए ‘आदि संस्कृति एवं विज्ञान संस्थान’ की स्थापना की।

वारंग क्षिति एक आबूगीदा लिपि है जिसका प्रयोग झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में बोली जाने वाली हो भाषा को लिखने के लिए किया जाता है।

source
hindvanshieducation.com

हिन्दवंशी